**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 26.12.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए–कोंडागांव जिले की जूडो खिलाड़ी योगिता मंडावी भी पुरस्कृत।**
- **वीर बाल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि माता गुजरी जी, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और चारों साहिबजादों की हिम्मत और आदर्श हर भारतीय को ताकत देते रहते हैं।**
- **विकसित भारत – जी राम जी अधिनियम की विशेषताओं से लोगों को अवगत कराने के लिए प्रदेश की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया।**
- **लोगों को सड़क सुरक्षा की गंभीरता और चुनौती के बारे में जागरूक करने के लिए एक से इकतीस जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जाएगा।**

## वीर बाल दिवस–राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। इस वर्ष अट्ठारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीस बच्चों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ के कोण्डागांव जिले की बालिका योगिता मंडावी भी शामिल हैं। राष्ट्रपति ने उन्हें जूडो खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने योगिता मंडावी को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जब किसी देश के बच्चे देशभक्ति और उच्च आदर्शों वाले होते हैं, तो उस राष्ट्र की मानवता सुनिश्चित होती है।

## प्रधानमंत्री–वीर बाल दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश आज साहिबजादों के अनुकरणीय साहस और बलिदान को याद कर रहा है, जो देश का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चार साल में वीर बाल दिवस ने साहिबजादों की प्रेरणाओं और बलिदानों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाया है। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस पर राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ये बात कही।

**बीते चार वर्षों में वीर बाल दिवस की नई परंपरा ने साहिबजादों की प्रेरणाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाया है। वीर बाल दिवस में साहसी और प्रतिभावान युवाओं के निर्माण के लिए एक मंच भी तैयार किया है। हर साल जो बच्चे अलग–अलग क्षेत्रों में देश के लिए कुछ कर दिखाते हैं, उन्हें प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि माता गुजरी जी, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और चारों साहिबजादों की हिम्मत और आदर्श हर भारतीय को ताकत देते रहते हैं। इस अवसर पर श्री मोदी ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के बीस विजेताओं से बातचीत की। इधर, छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में भी आज वीर बाल दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिवस दसवें सिक्ख गुरू श्री गुरू गोविंद सिंह जी के वीर पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान की स्मृति में आयोजित किया जाता है।

## जी राम जी अधिनियम

विकसित भारत – जी राम जी अधिनियम की विशेषताओं से लोगों को अवगत कराने के लिए विभिन्न जिलों की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। अंबिकापुर जिले में भी आयोजित विशेष ग्राम सभा में विकसित भारत – जी राम जी अधिनियम की विशेषताओं से लोगों को परिचित कराया गया। इस दौरान बताया गया कि मनरेगा का नया स्वरूप विकसित भारत – जी राम जी अधिनियम को अगले सत्र से लागू किया जाएगा। विकसित भारत जी राम जी अधिनियम में अब अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक परिवार को एक सौ पच्चीस दिन का रोजगार मिलेगा। योजना के तहत कार्य की मांग करने पर कार्य न मिले तो बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने का भी प्रावधान है। इस योजना के अंतर्गत कार्यों को चार प्रमुख श्रेणियों में बांटा गया है, जिसमें जल सुरक्षा और जल

संरक्षण कार्य, ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े कार्य, आजीविका संवर्धन के कार्य, जलवायु परिवर्तन व प्रतिकूल मौसम से निपटने वाले कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। वीबी–जी राम जी के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर विकसित पंचायत की रूप रेखा के आधार पर कार्य योजनाओं को तैयार किया जाएगा, जिसमें पीएम गति–शक्ति सहित राष्ट्रीय स्थानिक योजना प्रणालियों के साथ एकीकृत किया जाएगा।

**रेलवे–किराया**

रेलवे ने उपनगरीय सेवाओं और सीज़न टिकटों के किराए में कोई बदलाव नहीं किया है। संशोधित किराया केवल आज या आज के बाद बुक किए गए टिकटों पर लागू होगा। सामान्य द्वितीय श्रेणी में दो सौ पन्द्रह किलोमीटर तक की यात्रा के लिए किराए में कोई वृद्धि नहीं की गई है। दो सौ सोलह किलोमीटर से साढ़े सात सौ किलोमीटर तक की दूरी के लिए किराए में पांच रुपये की वृद्धि की गई है। इसके अलावा, सात सौ इंक्यावन से बारह सौ पचास किलोमीटर तक की दूरी के लिए दस रुपये, बारह सौ इंक्यावन से सत्रह सौ पचास किलोमीटर तक की दूरी के लिए पन्द्रह रुपये और इससे ज्यादा किलोमीटर के लिए बीस रुपये की वृद्धि की गई है। सामान्य शयनयान और सामान्य प्रथम श्रेणी में गैर–उपनगरीय यात्राओं के लिए किराए में प्रति किलोमीटर एक पैसे की एकसमान वृद्धि की गई है।रेल मंत्रालय ने आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट सरचार्ज या अन्य शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया है और ये सभी मौजूदा नियमों के अनुसार ही लागू रहेंगे।

**मुख्य सचिव–सम्मेलन**

मुख्य सचिवों का पांचवां राष्ट्रीय सम्मेलन आज नई दिल्ली में शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल यानी शनिवार और रविवार को सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। तीन दिनों के इस सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय प्राथमिकताओं पर व्यवस्थित और निरंतर बातचीत के ज़रिए केंद्र–राज्य साझेदारी को मज़बूत करना है।

**बातों–बातों–में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' **जाने–माने साहित्यकार और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार शुक्ल से ली गई भेंटवार्ता का पुनः प्रसारण किया जाएगा। श्री शुक्ल का हाल ही में निधन हुआ है।** उनकी स्मृति में इस भेंटवार्ता का पुनः प्रसारण कल सत्ताईस दिसंबर को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**मुख्यमंत्री–माओवादी उन्मूलन**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ओडिशा के कंधमाल–गंजाम सीमावर्ती वन क्षेत्रों में संचालित संयुक्त सुरक्षा अभियान में शामिल जवानों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी है। गौरतलब है कि कल कंधमाल स्थित राम्पा के जंगलों में हुई मुठभेड़ में माओवादी संगठन के शीर्ष नेतृत्व में शामिल गणेश उइके सहित छह माओवादी मारे गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्रवाई नक्सल तंत्र की रीढ़ पर सीधा प्रहार है तथा स्पष्ट संदेश है कि अब नक्सल हिंसा के लिए देश में कहीं भी सुरक्षित ठिकाना शेष नहीं है। मुख्यमंत्री ने इस अभियान में शामिल सभी सुरक्षा बलों के जवानों और अधिकारियों के अदम्य साहस, पराक्रम और पेशेवर दक्षता को नमन किया तथा उनके उत्कृष्ट मनोबल की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार का संदेश बिल्कुल स्पष्ट है कि माओवादियों को हिंसा का रास्ता छोड़ना होगा, अन्यथा कानून अपना कार्य करेगा।

**मुख्यमंत्री–गौ विज्ञान परीक्षा**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण और संवर्धन समिति द्वारा आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा के लिए तैयार किए गए संदर्भ ग्रंथ **"गाय धर्म एवं विज्ञान"** के नये संस्करण का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने ग्रंथ को गौ विज्ञान के क्षेत्र में विद्यार्थियों और समाज के लिए उपयोगी बताते हुए समिति के प्रयासों की सराहना की और इसे ज्ञानवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

## स्प्री योजना–पंजीकरण

कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा नियोक्ता और कर्मचारी पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई स्प्री योजना में पंजीकरण की अंतिम तिथि इकतीस दिसंबर है। आकाशवाणी समाचार से चर्चा करते हुए कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उपसंचालक धीरेन्द्र पटनायक ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य नियोक्ताओं को बिना किसी जुर्माने या अतीत की देनदारियों के डर के, अपने प्रतिष्ठानों और कर्मचारियों को ईएसआईसी अधिनियम के तहत पंजीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## सड़क सुरक्षा माह

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रदेश के लोगों को सड़क सुरक्षा की गंभीरता और चुनौती के बारे में जागरूक करने के लिए एक से इकतीस जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का औपचारिक शुभारंभ प्रदेश में एक जनवरी से किया जाएगा। इस माह के दौरान लोगों को हेलमेट का उपयोग करने, सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक किया जाएगा। साथ ही ऑटो और ई–रिक्शा चालकों को सड़क यातयात संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा नशे का सेवन कर तेज गति से वाहन चलाने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सड़क यातायात को सुगम बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा के अध्यक्ष संजय शर्मा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## उचित मूल्य दुकान–कार्रवाई

खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय द्वारा उचित मूल्य दुकानों की नियमित मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों की टीम गठित की गई है। इन टीमों द्वारा विभिन्न उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण और जांच की गई। जांच के दौरान कुछ उचित मूल्य दुकानों में अनियमितताएं पाई गईं। रायपुर के खाद्य नियंत्रक ने ई–पॉस आधारित वितरण में अनियमितता पाए जाने पर दो उचित मूल्य दुकानों का संचालन समाप्त कर उन्हें अन्य उचित मूल्य दुकानों में संलग्न किया है। इसके अलावा एक अन्य उचित मूल्य की दुकान पर सात हजार रूपए का अर्थदंड लगाकर चेतावनी दी गई है। खाद्य सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्य की किसी भी उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न वितरण में अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>